ग्रामीण महिला विकास संस्थान, बूबानी

प्रगति रिपोर्ट 2002-2003

संस्था द्वारा 2002-2003 में किये गये कार्य -

1. संस्थान ने सी.आर.एस. मुम्बई, आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था, मदार अजमेर के सहयोग से पंचवर्षीय संचालित वाटरशेड कार्यक्रम के अन्तर्गत चरागाह भूमि में 25 हेक्टेयर चौका सिस्टम एवं सार्वजनिक नाडी खुदाई नाडी निर्माण खेतों में मेड़बंदी कार्य किया जिसमें 450 परिवार महिला पुरुष लाभान्वित हुए।

2. संस्थान ने लोकरंग परिषद जयपुर के सहयोग से आयोडीन युक्त नमक प्रयोग में लेने हेतु प्रचार-प्रसार किया एवं आयोडीन नमक का प्रयोग में आने के उद्देश्य से संस्थान की संचार टीम ने लगभग 10 गांवों में जाकर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया।

3. संस्थान द्वारा वाटरशेड के अन्तर्गत संचालित एस.एच.जी. की महिलाओं को तीन दिवसीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केन्द्र तबीजी अजमेर में प्रशिक्षण दिलवाकर साबुन / सर्फ / सोडा तथा दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं पर प्रशिक्षण दिया जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने की दिशा प्राप्त हुई।

4. संस्थान द्वारा संचालित वाटरशेड कार्यक्रम में टिकाऊपन व कुशल संचालन के उद्देश्य में गांव बूबानी की ग्राम विकास कमेटी को दो दिवसीय भ्रमण करवाया। कमेटी को सीकोनडिकोन, सील की डूंगरी चाकसू की शाखा, किसाई तहसील, घुरिया गांव, एस.एच.जी. ग्राम विकास कमेटी की आम सभा की गई। तत्पश्चात् कमेटी में कार्य करने की क्षमता में वृद्धि हुई तथा नई दिशा मिली।

5. संस्थान द्वारा सी.आर.एस./आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था के सहयोग से ई.सी.डी.सी. व एस. एफ. कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसमें 3 से 6 वर्ष तथा 6 से 14 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। ई.सी.डी.सी. में 200 छात्र-छात्राएं एवं एस.एफ. 70 छात्र अध्ययनरत हैं। जिन्हें पोषाहार दिया जाता है तथा अन्य क्रियाकलापों से शिक्षित किये जाते हैं।

6. ग्रामीण महिला विकास संस्था एवं जय अम्बे सेवा समिति के सहयोग से संस्था के प्रांगण में जिलाध ीश एवं एस.डी.एम., पंचायत समिति प्रधान, गांव के गणमान्य लोग एवं महिला-पुरुषों की उपस्थिति में बेसहारा गरीब लोगों को ऊनी - कंबल वस्त्र व खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम किया गया। दो दिन तक गांव-गांव जाकर यह सहायता उपलब्ध करवाई।

7. सेवा मन्दिर, उदयपुर के सहयोग से संस्थान गांव बूबानी राष्ट्रीय पर्यावरण जागरुकता अभियान के अन्तर्गत "पानी अमृत है, कैसे प्रयोग करें, इसपर एक दिन का शिविर लगाकर महिला-पुरुष व स्कूल के छात्र-छात्राओं व नवयुवक भाईयों को पानी को अमृत मानते हुए प्रयोग में लेने का संदेश दिया। उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीनगर पंचायत समिति प्रधान मेहराज खांन ने की।

8. संस्थान द्वारा संस्था परिसर में 8 मार्च, 2003 को महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 300 महिलाओं ने भाग लेकर एकता का संदेश दिया गया।

संस्था द्वारा बाल-विवाह, शराबबंदी, बालश्रम, स्वास्थ्य पर्यावरण, अकाल राहत व पानी बचाओ पर गांव गांव जाकर नुक्कड़ नाटक व गीत-गानों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम किये गये।

8. सेवा मन्दिर उदयपुर के सहयोग से संस्थान ने राष्ट्रीय पर्यावरण जागरुकता शिविर आयोजित किया जो कि गांव जाटली एवं खोड़ा गणेश में किया गया ।

9. संस्थान द्वारा गांव नौलखा के निकट "घामेडी" नामक स्थान पर "रोशन पब्लिक स्कूल" चलाई गई जिसमें 50 बच्चे अध्ययनरत है ।

10. सी.आर.एस. व आर.सी.डी. समाज सेवी संस्था मदार के सहयोग से ग्राम विकास कमेटी व एस.एच.जी. के लोगों के लिए शैक्षिण भ्रमण तय किया गया । जिसमें भीलवाड़ा, चित्तौड़, उदयपुर राजसमन्द, नाथद्वारा आदि की विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं का विजिट किया गया ।

11. संस्थान ने गांव बूबानी में "बाल प्रकाश निकेतन" के नाम से एक विद्यालय संचालित किया है जिसमें 55 बच्चे अध्ययनरत है ।

सचिव
ग्रामीण महिला विकास संस्थान
बूबानी अजमेर

ग्रामीण महिला विकास संस्थान
बूबानी, किशनगढ़
जिला–अजमेर (राज.)